(ग)उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई हैं और यदि अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमामन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम) : (क) और (ख) सरकार को राष्ट्रीय चैनल, आकाशवणी, नई दिल्ली के कुछ कर्मचारियों एवं अधिकारियों से केन्द्र केप्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ घोर निरंकुशता, भ्रष्टाचार, ड्यूटी के प्रति लापरवाही और वित्तीय अनियमितता के तथाकथित आरोप संबंधी एक संयुक्त अभ्यावेदन प्राप्त हुआ हैं।

(ग)शिकयतों की जांच करवायी गयी थी । तथापि, चूंकि यह प्रथम दूष्टया मामला सिद्ध नहीं हुआ था, अत: मामले को समाप्त समझा गया है।

आकाशवाणी, दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारियों का स्थानांतरण

393. **श्री गोविन्दराम मिरी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि :

(क)आकाशवाणी, दिल्ली के कितने कार्यक्रम अधिकारियों को कहां-कहां पर 1996 के दौरान स्थानांतरित किया गया ;

(ख)इनमें से कितने अधिकारियों ने उन स्थानों पर अपना कार्यभार संभाल लिया है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था; और

(ग)उन अधिकारियों का ब्यौरा क्या हैं जिन्होंने उन स्थानों पर अपना कार्यभार नहीं संभाला हैं जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था और उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम) : (क) विवरण में दिए गए ब्यौरों के अनुसार 1996 के दौरान आकाशवाणी दिल्ली में कार्यरत 11 कार्यक्रम निष्पादकों को स्थानान्तरित किया गया था (नीचे देखिए)

(ख)इन 11 कार्यक्रम निष्पादकों में से 6 ने पहले ही अपने संबंधित तैनाती स्थल पर कार्यभार पर कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं।

(ग)उन 5 कार्यक्रम निष्पादकों जिन्होंने उन स्थानों जहां उन्हें स्थानान्तरित किया गया था, पर अभी तक अपना कार्यभार ग्रहण नही किया हैं, के ब्यौरे तथा तत्संबंधी कारण विवरण-II में दिए गए हैं।

विवरण-I

उन केन्द्रों की सूची जहां आकाशवाणी, दिल्ली में कार्यरत 11 कार्यक्रम निष्पादकों को वर्ष 1996 के दौरान स्थानान्तरित किया गया था ।

क्र. सं.	केन्द्र का नाम
1.	आकाशवाणी, जयपुर
2.	आकाशवाणी, उत्तर पूर्वी सेवा, शिलांग
3.	आकाशवाणी, बीकानेर
4.	आकाशवाणी, जालन्धर (2 कार्यक्रम निष्पादक)
5.	आकाशवाणी, अहमदाबाद।
6.	राष्ट्रीय चैनल, आकाशवाणी, दिल्ली (2 कार्यक्रम निष्पादक)
7.	विदेशी सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, दिल्ली।
8.	प्रतिलेखन तथा कार्यक्रम विनियम सेवा निदेशालय, आकाशवाणी, दिल्ली।
9.	विज्ञापन प्रसारण सेवा, आकाशवाणी, दिल्ली।

विवरण-II

उन कार्यक्रम निष्पादको की सूची जिन्होंने अभी तक उन स्थानों पर अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था तथा तत्संबंधी कारण

क्र. सं.	नाम	तैनाती स्थल	स्थगत प्रदान करने के कारण
1.	श्रीमती मल्लिका बैनर्जी	आकाशवाणी, अहमदाबाद	10% मितव्ययिता कटौती के फलस्वरूप/अक्तूबर/नवम्बर, 1996 मे आदेश जारी किए गए थे । चालू शैक्षणिक सत्र से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आदेश को 30.4.97 तक स्थगित रख गया।
2.	श्री आर. के. शर्मा	आकाशवाणी,जालन्धर	-उपर्युक्त-